web: www.nyaysakshi.com | पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल | पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक

Govt. Registered Social Justice Union

# दैनिक न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्याससाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, रविवार 15 सितंबर 2024 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-06, अंक- 349

## महत्वपूर्ण एवं खास

### कोलकाता के एसएन बनर्जी रोड पर संदिग्ध बोरी में जोरदार धमाका, एक व्यक्ति घायल

**कोलकाता (आरएनएस)।** पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता के एस.एन. बनर्जी रोड पर एक संदिग्ध बोरी में ब्लास्ट हुआ है। घटनास्थल पर बम निरोधक दस्ता पहुंचा हुआ है। मिली जानकारी के अनुसार, शनिवार दोपहर करीब 1.45 बजे तालतला पुलिस थाने को सूचना मिली कि ब्लोचमैन स्ट्रीट और एसएन बनर्जी रोड के जंक्शन पर जोरदार धमाका हुआ है। एक कचरा बीनने वाला व्यक्ति घायल हो गया है। घायल व्यक्ति को एनआरएस में भर्ती कराया गया। उसकी दाहिनी कलाई पर चोट आई है। ब्लोचमैन स्ट्रीट के प्रवेश द्वार पर एक प्लास्टिक का बोरी पड़ी थी। इसी में ब्लास्ट हुआ है। क्षेत्र को सुरक्षा टेप से घेर लिया गया और फिर बम निरोधक दस्ते को मौके पर बुलाया गया है। पुलिस ने बताया कि मौके पर बम स्क्वॉड की टीम पहुंची हुई है। संदिग्ध बोरी के आस-पास की जांच की जा रही है। एसएन बनर्जी रोड पर यातायात की अनुमति नहीं दी गई है। अस्पताल में घायल व्यक्ति ने अपना नाम 58 वर्षीय बापी दास बयाया है। उसके पिता का नाम लेफ्टिनेंट तारापद दास है। वह इच्छापुर का रहने वाला है। उसका कोई पेशा नहीं है। वह इधर-उधर घूमता रहता था। हाल ही में एसएन बनर्जी रोड के फुटपाथ पर रहने लगा था। घायल व्यक्ति का इलाज चल रहा है। पुलिस ने अभी उसका बयान दर्ज नहीं किया है। उसे अभी कुछ समय और चाहिए। पुलिस ने बताया कि इस पूरे मामले फोरेंसिक जांच की जाएगी।

### तेलंगाना में एक करोड़ रुपए के नोटों से सजाए गए भगवान गणेश

**भद्राद्री कोठागुडेम (तेलंगाना) (आरएनएस)।** तेलंगाना के भद्राद्री कोठागुडेम जिले के पलवंचा में गणेशोत्सव के दौरान बप्पा को एक करोड़ रुपए के नोटों से सजाया गया। 10 से 500 रुपये के नोटों से तैयार हार और अन्य आभूषणों से लंबोदर को भव्य रूप दिया गया। इस विशेष उत्सव में रामनगर स्थित विनायक मंडपम को विशेष रूप से सजाया गया। गणेशोत्सव की इस अनोखी सजावट को देखने के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। इस इलाके में गणपति का श्रृंगार हर वर्ष कुछ अलग ढंग से होता है। ईस्ट कापू संगम द्वारा आयोजित समारोह में पिछले 28 वर्षों से ये सिलसिला जारी है। भगवान गणेश के पूरे विनायक मंडपम को फूलों और बिजली के लट्टूओं से सजाया गया। लक्ष्मी सप्ताह के अवसर पर यहां विशेष सजावट का भी आयोजन किया गया, जिसे देखने दूरदराज से लोग पहुंचे। श्रद्धालु भगवान के इस भव्य रूप को देखकर हैरान रह गए। चंद्रहार ही नहीं बल्कि कान भी रुपयों से जड़े हैं। इतना ही नहीं गणेश के हाथों से भी रुपयों की कृपा बरस रही है। एक करोड़ के शृंगार से सुशोभित गणपति की रखवाली में भी प्रशासन लगा हुआ है। परिसर में किसी प्रकार की अव्यवस्था न फैले इसलिए पूरे इंतजाम किए गए हैं। मंदिर के एक पुजारी ने बताया कि इस उत्सव की सजावट हर वर्ष की तरह इस बार भी की गई है और यह परंपरा आगे भी जारी रहेगी। उन्होंने बताया कि यह सजावट भक्तों को एक विशेष और अद्वितीय अनुभव प्रदान करने के उद्देश्य से की जाती है, जिससे उनकी भक्ति और विश्वास को और भी मजबूती मिले। भगवान सबको सुख समृद्ध देते हैं।

### कांगो में 3 अमेरिकी नागरिकों सहित 37 दोषियों को मौत की सजा

#### किया था तख्तापलट का प्रयास

**कांगो।** कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य की एक सैन्य अदालत ने असफल तख्तापलट के प्रयास के लिए 3 अमेरिकी नागरिकों सहित 37 दोषियों को मौत की सजा सुनाई है।गत 19 मई को दर्जनों हथियारबंद लोगों ने देश के राष्ट्रपति कार्यालय पर कब्जा कर लिया था। हालांकि, बाद में सेना ने उनके नेता क्रिश्चियन मालंगा को मार गिराया था।दोषी अमेरिकियों में मालंगा का बेटा मार्सेल, उनका दोस्त टायलर थॉम्पसन और मालंगा का व्यापारिक साझेदार बेंजामिन जलमैन शामिल हैं। कांगो की सैन्य अदालत ने तीनों अमेरिकी नागरिकों को तख्तापलट के प्रयास के लिए आपराधिक षडयंत्र, आतंकवाद और अन्य आरोपों में दोषी माना है।यह फैसला किंशासा के निकट एनडोलो सैन्य जेल से टेलीविजन पर लाइव घोषित किया गया है।मुकदमे के दौरान मार्सेल ने दावा किया कि उसके पिता ने उन्हें धमकी दी थी कि यदि उसने तख्तापलट के प्रयास में भाग नहीं लिया तो वह उसे मार देंगे। ऐसे में वह इसमें शामिल हुआ था।

# दिवाली व छठ पर 100 स्पेशल ट्रेनों का मिला तोहफा

**नईदिल्ली | आरएनएस**



अपने घर से दूर नौकरी व व्यापार करने वाले लोगों के लिए खुशखबरी है. क्योंकि अब उन्हें दीवाली और छट पूजा में घर जाने की चिंता नहीं करनी है. इस बार रेलवे ने पहले ही दोनों बड़े त्योहारों पर 100 स्पेशल ट्रेन चलाने का फैसला लिया है. ताकि किसी को भी ट्रेन में सीट न मिलने की वजह से अपने घर जाने का प्लान कैसिल करना पडे. यही नहीं जरूरत पडऩे पर ट्रेनों की संख्या बढ़ाने पर भी विचार किया जा सकता है.. आपको बता दें कि दिवाली, दुर्गा पूजा, छठ पूजा के लिए अभी से रेलवे ने एडवांस रिजर्वेश खोल दिये हैं. ताकि किसी भी मुशाफिर को कोई परेशानी न हो.

दक्षिण रेलवे द्वारा संचालित दो विशेष ट्रेनें तीन महीने – सितंबर, अक्टूबर और नवंबर के लिए साप्ताहिक भी चलाई जाएंगी. रेलवे के मुताबिक ट्रेन संख्या 06090 संतरागाछी से गुरुवार को रात 11:40 बजे वापस आएगी और तीन दिन बाद सुबह 9:00 बजे डॉ. एमजीआर चेन्नई सेंट्रल पर वापस आएगी.

भारतीय रेलवे ने कहा कि इन ट्रेनों के ठहराव में नर्मदापुरम, इटारसी, पिपरिया, गाडरवारा, नरसिंहपुर, जबलपुर, सिहोरा रोड, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, मिर्जापुर, पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर और आरा शामिल हैं.

भारतीय रेलवे ने कहा कि जबलपुर-दानापुर-जबलपुर एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन में कुल 16 फेरे होंगे. ट्रेन नंबर 01705 एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन 23 अक्टूबर से 15 नवंबर तक हर बुधवार और शुक्रवार को शाम 19:35 बजे जबलपुर से रवाना होगी और अगले दिन सुबह 08:45 बजे दानापुर पहुंचेगी.

ट्रेन नंबर 01706 एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन 24 अक्टूबर से 16 नवंबर तक हर गुरुवार और शनिवार को सुबह 11:45 बजे दानापुर से रवाना होगी और अगले दिन आधी रात 00:10 बजे जबलपुर पहुंचेगी. इन ट्रेनों के स्टॉपेज में सिहोरा रोड, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, मिजऱ्ापुर, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर और आरा शामिल हैं.

## यात्रियों की रिकॉर्ड संख्या बढ़ने पर दिल्ली मेट्रो ने किया बड़ा ऐलान, पैसेंजर्स को होगी सुविधा

**नई दिल्ली | आरएनएस**

राजधानी दिल्ली में हर दिन लाखों लोग हर दिन मेट्रो से सफर करते हैं। मेट्रो की अलग-अलग लाइन्स पूरी दिल्ली को जोड़ती हैं, जिससे यात्रियों को आसानी से सफर पूरा करने में मदद मिलती है। इस बीच अगस्त महीने में दिल्ली मेट्रो से यात्रा करने वाले पैसेंजर्स की संख्या में रिकॉर्ड वृद्धि दर्ज की गई है। सिर्फ 20 अगस्त को 77,49,682 यात्रियों ने दिल्ली मेट्रो से यात्रा की जो अब तक का सर्वाधिक है। वहीं पैसेंजर्स की संख्या में रिकॉर्ड वृद्धि को देखते हुए दिल्ली मेट्रो ने एक बड़ा ऐलान किया है। एक बयान के अनुसार अब सभी लाइन पर अतिरिक्त ट्रेन चलाई जाएंगी।

दरअसल, दिल्ली मेट्रो ने पिछले एक महीने में यात्रियों की रिकार्ड संख्या दर्ज की है। दिल्ली मेट्रो से हर दिन सफर करने वाले यात्रियों की संख्या 72 लाख से 78 लाख के बीच रही। यह जानकारी शुक्रवार को जारी एक आधिकारिक बयान से मिली।

अधिकारियों ने बताया कि यात्रियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए दिल्ली मेट्रो रेल निगम (ष्ठरूक्रष्ट) ने शुक्रवार और शनिवार को अपनी सभी लाइन पर एक अतिरिक्त ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। इससे मेट्रो से सफर करने वाले यात्रियों को सुविधा होगी और मेट्रो में होने वाली भीड़ को कम किया जा सकेगा।

डीएमआरसी के प्रधान कार्यकारी निदेशक (कॉरपोरेट संचार) अनुज दयाल ने कहा, ''पिछले चार दिनों में दिल्ली मेट्रो द्वारा दर्ज की गई यात्रियों की संख्या मेट्रो नेटवर्क में दर्ज की गई शीर्ष पांच रिकॉर्ड में शामिल हो गई है, जिसमें 20 अगस्त को 77,49,682 यात्रियों ने यात्रा की जो अब तक का सर्वाधिक है।'' उन्होंने कहा, ''यात्रियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए डीएमआरसी ने अपनी सभी लाइन पर एक अतिरिक्त ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है तथा शुक्रवार और शनिवार को ट्रेन के 84 अतिरिक्त फेरे लगेंगे। आवश्यकता पडऩे पर ये अतिरिक्त ट्रेन फेरे आगामी कार्यदिवसों पर भी जारी रहेंगे।''

## ड्रिंक एंड ड्राइव के चक्कर में हुआ भीषण हादसा, एक ही परिवार के चार लोगों की मौत; दो घायल

**संभाजी नगर | आरएनएस**

महाराष्ट्र के संभाजी नगर में एक दर्दनाक हादसा सामने आया है। बताया जा रहा है कि दो कारों के बीच हुई भीषण टक्कर में एक ही परिवार के चार लोगों की मौत हो गई, जबकि दो लोग घायल बताए जा रहे हैं। हादसे की वजह शराब पीकर गाड़ी चलाना बताया गया है। वहीं हादसे का के वीडियो भी सामने आया है, जो वहीं बगल में मौजूद एक पेट्रोल पंप पर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया है। सीसीटीवी फुटेज में दोनों कारों की आमने-सामने से हुई भीषण टक्कर हो देखा जा सकता है।

प्राथमिक रूप से मिली जानकारी के मुताबिक महाराष्ट्र के संभाजी नगर में विशाल चव्हाण नाम के ड्राइवर ने कृष्णा केरे को बिना ड्राइविंग लाइसेंस के गाड़ी चलाने की इजाजत दे दी। वहीं कृष्णा केरे ने शराब भी पी रखी थी। बिना ड्राइविंग लाइसेंस के शराब के नशे में धुत शख्स ने कार को हाई स्पीड में चलाया, जिसके बाद वह नियंत्रण खो बैठा। इसी बीच सामने से आ रही एक अन्य कार में उसकी जोरदार टक्कर हो गई। हादसे के बाद लोग मौके पर भागकर पहुंचे। हालांकि इस हादसे में एक ही परिवार के चार लोगों की मौत हो गई है, जबकि दो लोग घायल बताए जा रहे हैं। फिलहाल घायलों का उपचार किया जा रहा है। हादसे की जानकारी मिलने के बाद पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस की टीम हादसे के बाद कार्रवाई में जुट गई है। पुलिस ने इस मामले में शराब के नशे में गाड़ी चलाकर दुर्घटना करने वाले दो लोगों के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज किया गया है। वहीं पुलिस आगे की जांच कर रही है। घटना की वीडियो भी सामने आया है। हादसे का वीडियो घटना वाली जगह पर मौजूद पेट्रोल पंप पर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया, जिसमें दर्दनाक टक्कर देखी जा सकती है।

## दो भागों में टूटकर अलग हो गई मालगाड़ी ट्रेन, ड्राइवर ने दिखाई समझदारी

### कोडरमा में टल गया बड़ा हादसा

**कोडरमा | आरएनएस**



बिहार के कोडरमा में एक बड़ी दुर्घटना टल गई है। यहां मलगाड़ी टूटकर दो भागों में बंट गई। ड्राइवर की सूझ-बूझ के कारण कोई घायल नहीं हुआ है। बता दें कि दुर्घटनाग्रस्त ट्रेन कोडरमा से गया की ओर जा रह थी। यह हादसा सुबह के 9 बजे गया-कोडरमा रेलखंड के पहाड़पुर रेलवे स्टेशन पर सुबह 9 बजे के आसपास घटी। अप लाइन पर मालगाड़ी आ रही थी। फिलहाल इस हादसे के बाद से लाइन ठप्प पड़ा हुआ है। रेलवे द्वारा मिली जानकारी के मुताबिक मालगाड़ी की बोगी को जोडऩे वाली कपलिंग के टूटने कारण मालगाड़ दो हिस्सों में बंट गया। रेलवे के अधिकारी और रेलवेकर्मी मौके पर पहुंच चुके हैं और आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

बता दें कि रेलवे से ही जुड़े कई मामले बीते कुछ दिनों में देखने को मिले हैं, जहां ट्रेन को डीरेल करने या घटनाग्रस्त करने नीयत से कहीं पटरी पर सीमेंट के ब्लॉक्स बिछाए गएं तो कहीं सिलेंडर गै। कालिंदी एक्सप्रेस मामले में केंद्रीय जांच एजेंसी एनआईए का एक्शन शुरू हो चुका है। एनआईए की टीम इस मामले में संदिग्ध शाहरुख नाम के संदिग्ध से पूछताछ करेगी। पुलिस ने शाहरुख को एनआईए के हवाले कर दिया है। बता दें कि बीते दिनों कानपुर के शिपराजपुर क्षेत्र के मुंडेरी गांव के पास प्रयागराज से आ रही कालिंदी एक्सप्रेस को डीरेल करने की साजिश का खुलासा हुआ था। इसमें रेलवे ट्रैक के बीच में एलपीजी सिलेंडर रखा गया था, लेकिन लोको पायलट की सूझ-बूझ के चलते बड़ा हादसा होने से टल गया। जांच के दौरान रेलवे ट्रैक के पास बोतल में पेट्रोल भी बरामद किया गया।

जानकारी के मुताबिक इस केस में संदिग्ध शाहरुख को लेकर कई खुलासे हुए हैं। दरअसल शाहरुख ने फेसबुक पर राजा नाम से एक फेक आईडी बनाई थी। यहां शाहरुख ने सोशल मीडिया पर भगवा गमछे में तस्वीर शेयर की और ऐसी जानकारियां भी सामने आई है कि चुनावी रैलियों में शाहरुख जय श्रीराम के नारे भी लगाता था। संदिग्ध आरोपी शाहरुख कितना शातिर है, उसकी सोशल मीडिया प्रोफाइल से ही पता चलता है। दरअसल शाहरुख ने हिंदू नाम से अपनी सोशल मीडिया प्रोफाइल बना रखी है, जिसपर वह हिंदुत्वे से जुड़े कंटेंट को शेयर करता है और भगवे गमछे में तस्वीर शेयर करता है।

## अरविंद केजरीवाल के स्वागत में जलाए गए पटाखे, दिल्ली पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ दर्ज किया मुकदमा

**नईदिल्ली | आरएनएस**



दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को सुप्रीम कोर्ट ने जमानत दे दी है। इस जमानत के साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने कुछ शर्तें भी रखीं हैं। इन शर्तों के तहत अरविंद केजरीवाल सीएम के दफ्तर का इस्तेमाल नहीं कर पाएंगे और किसी भी सरकारी दस्तावेज पर हस्ताक्षर नहीं कर पाएंगे। जमानत पर जेल से बाहर निकलने के बाद अरविंद केजरीवाल आज अपत्नी पत्नी सुनीता केजरीवाल के साथ कनॉट प्लेस स्थित हनुमान मंदिर पहुंचे। यहां सीएम केजरीवाल ने हनुमान मंदिर में पूजा-अर्चना की। इसके बाद अब उनके घर के बाहर उनके स्वागत के लिए पटाखे जलाने का मामला सामने आया है।

दरअसल अरविंद केजरीवाल के जेल से बाहर आने के बाद उनके समर्थकों और आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने अरविंद केजरीवाल के घर के बाहर स्वागत में पटाखे जलाएं। इसे लेकर अब दिल्ली पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर लिया है। बता दें कि यह एफआईआर अज्ञात लोगों के खिलाफ दर्ज की गई है। दरअसल दिल्ली में किसी भी तरह के पटाखे जलाने पर पूर्ण रूप से पाबंदी है। बता दें कि इससे पहले आप नेता संजय सिंह ने आज सुबह 11 बजे एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस प्रेस कॉन्फ्रेंस के जरिए उन्होंने भाजपा पर निशाना साधा।

उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल को सुप्रीम कोर्ट ने जो जमानत दी और उसमें जो बातें लिखीं, उससे साबित होता है कि इसमें पीएम मोदी और गृह मंत्री अमित शाह का कुचक्र था। सुप्रीम कोर्ट ने उन्हीं बातों का जिक्र किया है जो हम पहले दिन से कहते आ रहे हैं। बीजेपी का उद्देश्य अरविंद केजरीवाल की राजनीति को खत्म करना, आम आदमी पार्टी को खत्म करना और सरकारों को गिराना है। मैं अपने नेता अरविंद केजरीवाल को बधाई देना चाहता हूं कि उनके नेतृत्व में आम आदमी पार्टी पूरी मजबूती के साथ खड़ रही। लाख कोशिशों के बाद भी वो हमें तोड़ नहीं पाए।

### कनॉट प्लेस के हनुमान मंदिर पहुंचे सीएम अरविंद केजरीवाल, पत्नी के साथ की पूजा-अर्चना

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट ने जमानत दे दी। जमानत मिलने के बाद शाम तक वह तिहाड़ जेल से बाहर निकले। वहीं केजरीवाल के जेल से बाहर आने पर आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं, नेताओं और समर्थकों में उत्साह देखा गया। समर्थकों ने केजरीवाल का बारिश में खड़े होकर स्वागत किया। वहीं सीएम अरविंद केजरीवाल आज शनिवार को दोपहर 12 बजे कनॉट प्लेस स्थित हनुमान मंदिर गए। उनके साथ पत्नी सुनीता केजरीवाल भी मौजूद रहीं। सीएम केजरीवाल ने हनुमान मंदिर में दर्शन-पूजन किया। आप नेता संजय सिंह ने आज सुबह 11 बजे एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस प्रेस कॉन्फ्रेंस के जरिए उन्होंने भाजपा पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल को सुप्रीम कोर्ट ने जो जमानत दी और उसमें जो बातें लिखीं, उससे साबित होता है कि इसमें पीएम मोदी और गृह मंत्री अमित शाह का कुचक्र था। सुप्रीम कोर्ट ने उन्हीं बातों का जिक्र किया है जो हम पहले दिन से कहते आ रहे हैं। बीजेपी का उद्देश्य अरविंद केजरीवाल की राजनीति को खत्म करना, आम आदमी पार्टी को खत्म करना और सरकारों को गिराना है। मैं अपने नेता अरविंद केजरीवाल को बधाई देना चाहता हूं कि उनके नेतृत्व में आम आदमी पार्टी पूरी मजबूती के साथ खड़ रही। लाख कोशिशों के बाद भी वो हमें तोड़ नहीं पाए।

## मेरठ में 3 मंजिला इमारत गिरी, करीब 10 लोगों के मलबे में दबे होने की आशंका

**मेरठ | आरएनएस**

उत्तर प्रदेश के मेरठ से एक बड़ी खबर सामने आ रही है। यहां एक 3 मंजिला इमारत गिरने से 10 से अधिक लोग और पशु मलबे में दब गए हैं।बताया जा रहा है कि एक पूरा परिवार ही दब गया है। मकान में नीचे डेयरी चलती थी, इस वजह के कुछ भैंसों के भी चपेट में आने की आशंका है।मौके पर स्थानीय पुलिस और बचाव टीमें पहुंची हैं।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, जो मकान गिरा है वो लोहिया नगर थाना क्षेत्र के जाकिर कॉलोनी की गली नंबर 7 में स्थित है। बताया जा रहा है कि ये करीब 35 साल पुराना मकान है।मकान में एक बुजुर्ग महिला नफो और उनके 2 बेटे साजिद और गोविंदा अपने पत्नी और बच्चों के साथ रहते हैं। सबसे निचले तल पर भैंसे बंधी रहती थीं, जो हादसे का शिकार हो गई हैं।

घटना के बाद मौके पर बचाव अभियान जारी है। कमिश्नर सेल्वा कुमार जे, एसएसपी डॉक्टर विपिन ताडा, एसपी सिटी आयुष विक्रम सिंह मौके पर पहुंच गए हैं।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हादसे का संज्ञान लेते हुए बचाव दलों और अधिकारियों को तत्काल मौके पर पहुंच कर राहत कार्य में तेजी लाने के लिए और घायलों के समुचित उपचार के निर्देश दिए हैं।एहतियात के तौर पर आसपास की इमारतों को खाली कराया गया है।

## आरजी कर मामला : बारिश के बावजूद जूनियर डॉक्टरों का विरोध प्रदर्शन पांचवें दिन भी जारी

**कोलकाता | आरएनएस**



आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में बलात्कार-हत्याकांड मामले को लेकर जूनियर डॉक्टरों का विरोध प्रदर्शन शनिवार को पांचवें दिन भी जारी है। वे अनिश्चित काल के लिए प्रदर्शन जारी रखने की तैयारी कर रहे हैं।

शुक्रवार रात और शनिवार सुबह हुई छिटपुट बारिश के कारण प्रदर्शनकारी जूनियर डॉक्टरों को असुविधा का सामना करना पड़ा। हालांकि, हड़ताली डॉक्टरों ने अपना प्रदर्शन और विरोध जारी रखा।

हालांकि, कुछ व्यक्तिगत और सामाजिक संगठनों ने प्रदर्शनकारी जूनियर डॉक्टरों के साथ एकजुटता व्यक्त करते हुए उन्हें बारिश से बचाने के लिए तिरपाल उपलब्ध कराए।

शनिवार सुबह छिटपुट बारिश जारी रहने के दौरान प्रदर्शनकारी जूनियर डॉक्टर तिरपालों का उपयोग करके बारिश से बचने में कामयाब रहे। डॉक्टर अपनी मांगें पूरी होने तक अनिश्चित काल के लिए धरना जारी रखने की तैयारी कर रहे हैं।

जूनियर डॉक्टरों ने गुरुवार को पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री के इस दावे को पहले ही खारिज कर दिया है कि उनके विरोध प्रदर्शन में एक राजनीतिक रंग है, जिसका उद्देश्य न्याय नहीं बल्कि कुर्सी है।

डॉक्टरों का पश्चिम बंगाल जूनियर डॉक्टर्स फोरम (डब्ल्यूबीजेडीएफ) के बैनर तले प्रदर्शन जारी है। डब्ल्यूबीजेडीएफ के अनुसार, उनके विरोध प्रदर्शन में कुछ भी राजनीतिक नहीं है। कई उदाहरणों से स्पष्ट हैं, जहां उन्होंने निर्वाचित प्रतिनिधियों सहित विपक्षी नेताओं को अपने विरोध प्रदर्शन में शामिल नहीं होने दिया।

भाजपा के लोकसभा सदस्य और कलकत्ता हाईकोर्ट के पूर्व न्यायाधीश अभिजीत गंगोपाध्याय और पार्टी विधायक अग्निमित्रा पॉल एकजुटता व्यक्त करने के लिए अलग-अलग विरोध स्थलों पर आए, लेकिन उन्हें वापस जाओ के नारे सुनने पड़े।

उनके अनुसार, उन्होंने हर उस व्यक्ति के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया है जिसने उनके विरोध प्रदर्शन का राजनीतिकरण करने की कोशिश की है।

### ममता बनर्जी अचानक डॉक्टरों के धरनास्थल पहुंचीं

### कहा- मैं आपके विरोध को सलाम करती हूं

कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में ट्रेनी डॉक्टर की बलात्कार के बाद हत्या के मामले में जूनियर डॉक्टरों का प्रदर्शन जारी है।इस बीच आज पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी अचानक डॉक्टरों के धरनास्थल साल्टलेक पर पहुंच गईं यहां उन्होंने कहा कि वे डॉक्टरों का दर्द समझती हैं और उन्हें पद की चिंता नहीं है।हालांकि, इस दौरान डॉक्टर हमें न्याय चाहिए के नारे लगाते रहे।

ममता ने कहा, मैं आपके आंदोलन को सलाम करती हैं। मैं भी छात्र आंदोलन की ही उपज हूं। आप लोगों के सडक़ पर होने की वजह से मैं भी रातों को सो नहीं सकी। पहरेदार के तौर पर मुझे जागना पड़ा है। अगर आप लोग काम पर लौट आएं तो मैं वादा करती हूं कि आपकी सभी मांगों पर सहानुभूति पूर्वक विचार करूंगी। सबके साथ बातचीत होगी और दोषियों को सजा मिलेगी।

ममता ने आगे कहा, मैं यहां आपसे मुख्यमंत्री नहीं, बल्कि दीदी के तौर पर मिलने आई हूं। मैं आप पर दबाव नहीं बना सकती हूं। मैं केवल आपसे अपील कर सकती हूं। जब सीपीआई-एम सत्ता में थी, तब मैं 26 दिनों के लिए भूख हड़ताल पर थी। यह मेरा आखिरी प्रयास है और मैं आपसे वादा करती हूं कि किसी के साथ भी अन्याय नहीं होगा। मैं केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) से दोषियों को फांसी देने की मांग करती हूं।

मुख्यमंत्री द्वारा समाधान का वादा करने के बाद प्रदर्शनकारी डॉक्टर सरकार के साथ बैठक करने के लिए सहमत हो गए हैं।उन्होंने कहा, हम अपनी 5 सूत्री मांगों के साथ सरकार के साथ किसी भी चर्चा के लिए तैयार हैं। ये अनुचित मांगें नहीं हैं।एक डॉक्टर अनिकेत महतो ने कहा, जब तक न्याय नहीं मिल जाता और हमारी मांगें पूरी नहीं हो जातीं, तब तक बारिश, गर्मी, भूकंप भी हमारे प्रदर्शन को रोक नहीं पाएंगे।

अब तक राज्य सरकार ने 3 बार डॉक्टरों को चर्चा के लिए बुलाया है, लेकिन अभी तक एक बार भी बैठक नहीं हो सकी है। डॉक्टर बैठक के सीधे प्रसारण की मांग कर रहे हैं और सरकार ने ऐसा करने से मना कर दिया है।